फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

1. गुरमेल सिंह पुत्र दिदारसिंह कम्बोज सिख निवासी चक 1 एस.एस.एम. तहसील पूगल जिला बीकानेर वगैरह।

बनाम

1. रणजीत सिंह पुत्र दिदारसिंह कम्बोज सिख निवासी चक 1 एस.एस.एम. तहसील पूगल जिला बीकानेर वगैरह।

अपील संख्या–123/2016 LR

GCMS No. 2016/00027

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.03.2024	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलांट श्री नायब सिंह बूटर उपस्थित। यह अपील राज. भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा–75 के अंतर्गत तहसीलदार (राजस्व) पूगल द्वारा दर्ज इंतकाल संख्या 45 दिनांक 13.12.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में क्षेत्राधिकार बिन्दु पर बहस हेतु विचाराधीन है। अभिभाषक अपीलांट की क्षेत्राधिकार बिन्दु पर बहस सुनी गई। चूंकि यह अपील तहसीलदार (राजस्व) पूगल द्वारा दर्ज इंतकाल संख्या 45 दिनांक 13.12.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत हुई। उक्त विवादित इंतकाल तहसीलदार पूगल द्वारा सहायक आयुक्त उपनिवेशन (प्रथम) बीकानेर के आदेश दिनांक 06.02.2004 की पालना में स्वीकृत किया है, जो राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 135(2) के अंतर्गत कन्टेस्टेड प्रकरण की श्रेणी में नहीं है। अतः अपील अपीलांट इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार/श्रवणाधिकार में नहीं होने के कारण इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अपील अपीलान्ट निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय की प्रति अपील पत्रावली में शामिल की जाकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। निर्णय दिनांक 27.03.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। 27/3/24 (वन्दना सिंघवी) संभागीय आयुक्त, बीकानेर	